अध्याय 19. हिन्द महासागर में छोटा-सा हिन्दुस्तान (यात्रा-वृत्तांत)

(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

अति लघूत्तरीय प्रश्न-

1. लेखक के अनुसार मॉरीशस किस प्रकार एक छोटा-सा हिन्दुस्तान है?

Ans:- क्योंकि वहाँ की 67% जनसंख्या भारतीय मूल की है, राजधानी पोर्टलुई की गलियों के नाम भारतीय नगरों पर हैं, हर गाँव में शिवालय और रामायण का पाठ होता है।

2. मॉरीशस की राजधानी पोर्टलुई की गलियों के क्या नाम हैं?

Ans:- कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और मुंबई।

3. मॉरीशस के परी तालाब का क्या महत्त्व है और वहाँ आकर मॉरीशसवासी क्या करते हैं?

Ans:- परी तालाब हिंदुओं का प्रमुख तीर्थ और पिकनिक स्थल है। शिवरात्रि पर लोग काँवर लेकर वहाँ आते हैं, जल भरते हैं और अपने गाँव के शिवालय में चढ़ाते हैं।

4. मॉरीशस कैसा देश है?

Ans:- यह हिन्द महासागर में स्थित छोटा, कृषि प्रधान, सुंदर और भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत देश है।

5. मॉरीशस की समुद्र से दूरी कितनी है?

Ans:- मॉरीशस का कोई भी भाग समुद्र से 15 मील से अधिक दूर नहीं है।

लघूत्तरीय प्रश्न-

1. भारत के किन प्रांतों से जाकर लोग मॉरीशस में बसे हैं?

Ans:- मुख्यतः बिहार और उत्तर प्रदेश से।

2. मॉरीशस में व्यवसायों और उद्योगों की क्या स्थिति है?

Ans:- मॉरीशस कृषि प्रधान है। ईख की खेती और उससे बनी चीनी वहाँ का प्रमुख उद्योग है।

3. तुलसीकृत रामायण का मॉरीशस में क्या महत्त्व है?

Ans:- इसने वहाँ की हिन्दू संस्कृति और धार्मिक भावनाओं की रक्षा की तथा भारतीयों को एक सूत्र में बाँधे रखा।

4. मॉरीशस में उत्तर प्रदेश और बिहार की किस बोली का प्रसार अधिक है?

Ans:- भोजपुरी बोली का।

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न -

1. मॉरीशस में भारतीयों ने किस प्रकार अपनी नींव मजबूत की है?

Ans:- भारतीय वहाँ गुलाम मजदूर बनकर पहुँचे, लेकिन उन्होंने अपने धर्म और संस्कृति को छोड़ा नहीं। उन्होंने ईख की खेती और उद्योग में सफलता पाई। अपने धार्मिक स्थलों, रामायण-पाठ और त्योहारों से भारतीयता को जीवित रखा। उन्होंने अत्याचार और प्रलोभनों को सहकर भी अपनी आस्था कायम रखी और मॉरीशस को छोटा-सा हिन्दुस्तान बना दिया।

2. मॉरीशस के गाँवों में भारतीयता का प्रचार किस रूप में देखने को मिलता है?

Ans:- हर गाँव में शिवालय और मंदिर हैं, रामायण का पाठ व भजन-कीर्तन होता है, त्योहार बड़े उत्साह से मनाए जाते हैं। शिवरात्रि पर परी तालाब की यात्रा विशेष आकर्षण है।

## 3. लेखक ने सिंहों और हिरनों के झुंडों का जो वर्णन किया है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

Ans:- लेखक ने नैरोबी के नेशनल पार्क में देखा कि सात-आठ सिंह आराम से लेटे थे और पर्यटकों की मोटरों पर ध्यान नहीं दे रहे थे। अचानक पास ही हिरनों का झुंड दिखाई पड़ा। दो सिंह उठे - एक आगे जाकर बैठ गया और दूसरा घास में छिपते हुए मोर्चे पर बढ़ने लगा। हिरनों ने खतरा भाँप लिया और गोल बनाकर खड़े हो गए। कुछ भाग निकले, पर बाकी सावधान रहे। लेखक ने जाना कि सिंह शिकार हमेशा सूर्यास्त के बाद करते हैं और अकेले बिछड़े हुए जानवर को ही पकड़ते हैं। यह दृश्य लेखक के लिए अविस्मरणीय रहा।